adjusted in such a manner that the Special Mentions are also completed. We shall cooperate with the Government. Let it be after the Special Mentions and before lunch.

SHRI PRAMOD MAHAJAN: Sir, I am just saying, at twelve o' clock. It does not mean exactly at twelve o' clock. We can have it at 12.30. We will first count the Members and then start with it. I can say, immediately after the Question Hour, maybe, after a couple of Special Mentions, we can take this up.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): In the courts, we say, not before twelve.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Sir, we shall all remain here after the Special Mentions.

SHRI SATISHCHANDRA SITARAM PRADHAN (Maharashtra) : Sir, I welcome the suggestion.

SHRI PRAMOD MAHAJAN: Sir, I am grateful to the Members.

THE APPROPRIATION (RAILWAYS) No. 4 BILL, 1999 - Contd.

श्री रामजीलाल : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री जी से यह कहना चाहूंगा कि हिसार में रेलवे क्रासिंग का एक डबल फाटक है। यह 24 घंटे में पौने 24 घंटे बंद रहता है और मैं इस बारे में 6 साल से कहता आ रहा हूं। इस मांग की वजह से यहां पर धरने हुए, सत्याग्रह हुए और स्ट्राइक वगैरह हुई। सरकार ने भी एश्यूरेंस दिया था कि यहां पर पुल बना दिया जाएगा। यहां ओवर ब्रिज हो या अंडर ब्रिज हो, कोई एक ब्रिज तो मिल जाए। इसके न होने के कारण दो-तीन किलोमीटर का फालतू चक्कर लगाना पड़ता है। तो मैं आपसे प्रार्थना करूंगा कि हिसार का जो डबल फाटक है, यहां पर पुल शीघ्र बनाया जाए। यह मामला कई सालों से अंडर कंसीडरेशन है। मैं आपसे यह भी कहना चाहूंगा कि हिसार-सादलपुर को मीटर गेज से ब्रॉड गेज में करने के लिए सर्वे होकर पिछले बजट में आ गया था। लेकिन अभी तक पता नहीं, इस पर क्या हो रहा है। अतः जल्दी से जल्दी शुरू करके इसको ब्रोड गेज में परिवर्तित कर दिया जाए। हिसार से फतेहाबाद वाया अग्रोहा मेडिकल कालेज का भी सर्वे हो चुका है। यहां मेडिकल कालेज वगैरह हैं.....(**व्यवधान**)....(**समय की घंटी**) क्या समय हो गया मेरा?

उपसभाध्यक्ष (श्री अधिक शिरोडकर) : आपकी पार्टी के चार सदस्य हैं और 17 मिनट हैं। आपने 8 मिनट ले लिए हैं।

श्री दीपांकर मुखर्जी (पश्चिमी बंगाल) : यह तो बहुत कम बोलते हैं।

श्री रामजीलाल : बस, मैं तीन-चार मिनट में खत्म कर दूंगा। हिसार से आगे अग्रोहा और फतेहाबाद है। फतेहाबाद में एक बड़ी मार्केट है। यहां पर न छोटी लाईन की रेल है और न बड़ी लाईन की। यहां पर भी सर्वे हुआ है। इसको भी जल्दी से जल्दी करवाने की कृपा करें। उपसभाध्यक्ष महोदय, बीकानेर लाइन पर हिसार से 11 किलोमीटर पर देवा नाम का एक गांव है। देवा से मंडाहली के बीच 10 गांव व 15 गांव का रास्ता है। मैडम् कृपया इसको नोट करेंगी। यहां पक्की सड़क बनी हुई है। इसका गेंग नम्बर-9 है, पोल नम्बर 12-13 है। यह हिसार से 11 किलोमीटर पर है। इसका रुपया भी जमा करवा दिया है। मैं मंत्री महोदया से मिला भी था, उसमें कुछ प्रोब्लम आ गई कि कहते हैं यह तो अनमैन्ड नहीं है। हम इसमें तीन-चार साल से लगे हुए हैं, रुपए भी जमा करवा दिए हैं। तो ऐसा तरीका किया जाए कि जो एम.पी. रुपए जमा करवाना चाहता है इससे तो आपकी ही हेल्प होगी। जो क्रासिंग हैं वह बना दिए जाएं। एम.पी. चाहें तो उसकी मंजूरी दें। जितना रुपया उसमें लगे हम देंगे। लेकिन सरकार को तो कुछ वहन करना ही पड़ेगा। यह हमारे हलके का एक सबसे अहम मामला है। मैडम्, मैं आपसे कह रहा था कि हमारे एरिया में आप कोई एक्सप्रेस गाड़ी चलाएं। महोदया, यदि मेरी प्रार्थना को ठीक समझें तो उस गाड़ी को चैक कराएं जो 6-40 पर नई दिल्ली से चलती है। टूटी-फूटी खिड़की है, प्लाई वगैरह टूटी हुई है। उसमें एक ही कोच है। तो क्या आप उसका मुआयना कराएंगी? मैंने बड़े से बड़े अफसर से कह दिया कि इस गाड़ी को बदलो। मैं आपसे प्रार्थना करूंगा कि कोई आप बढ़िया सा फर्स्ट क्लास का डिब्बा लगाएं, चेयर कार लगाएं, जो पहले स्लीपर कार पर लगा था वह एक साल के बाद बंद कर दिया गया। आपसे प्रार्थना है कि ऐसा कोई कोच हो जिसमें सभी सफर कर सकें। मैंने आपसे पहले मंत्री जी से प्रार्थना की थी कि दिल्ली से जींद काफी रेल गाड़ियां चलती है, एक 10 बजे जाती है, एक 11 बजे जाती है, एक पंजाब मेल जाती है, एक मुंबई मेल जाती है, सारी गाड़ियां जाती है। मेरी मांग है कि जो लॉंग डिस्टेंस की गाड़ियां हैं वे हमारे हिसार से भी चलाई जाएं। हिसार से हरियाणा की राजधानी चंडीगढ़ जाने के लिए ट्रेन का कोई रास्ता नहीं है। हम हमेशा बस से या कार से चंडीगढ़ जाते हैं। हिसार से दिल्ली तक आने के लिए भी काफी असुविधा होती है। मैंने काफी दिनों से उकलाना टू नरवाना 25 किलोमीटर का रेल लाइन बनाने की मांग की है। इस पर भी ध्यान दिया जाए। हिसार, सिरसा और चंडीगढ़ के लिए रेल से रास्ता बन जाए तो काफी सुविधा होगी।

महोदय, मैं आपका ज्यादा समय न लेते हुए आपके माध्यम से मंत्री महोदया से यही निवेदन करना चाहता हूं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से आदरणीय मंत्री जी से प्रार्थना करता हूं कि मेरी मांगों पर ध्यान देकर कार्रवाई करें। मुझे आपसे बड़ी उम्मीदें हैं। मुझे आशा ही नहीं, पूर्ण विश्वास है कि आप मेरी बातों का कुछ न कुछ जबाव अपनी रिप्लाई में जरूर देंगी। उपसभाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।

उपसभाध्यक्ष (श्री अधिक शिरोडकर): रामजी लाल जी धन्यवाद। चौधरी चुन्नी लाल। आपके पास बोलने के लिए सिर्फ 5-6 मिनट का समय है।

श्री चुन्नी लाल चौधरी (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस बिल के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं पहले तो जो मौजूदा रेल मंत्री हैं, उनको इस बात के लिए बधाई देना चाहता हूं कि वे भारत सरकार में रेलवे विभाग की पहली महिला मंत्री हैं। मैं उनको इस बात के लिए भी बधाई देना चाहता हूं कि वह रेलवे की स्टेंडिंग कमेटी की पिछले साल तक चेयरमैन थीं। उन्होंने स्टैंडिंग कमेटी के माध्यम से रेलवे को जो सुझाव दिए हैं अब रेल मंत्री बनने के बाद वे उन सुझावों को रेल विभाग में लागू करेंगी और कमेटी द्वारा दिए गए सुझावों पर खुद सख्ती से अमल करने का प्रयास करेंगी। मुझे पूरा भरोसा है कि वह उसमें सफल होंगी। पहले ही उन्होंने कुछ ऐसे फैसले लिए हैं जिनसे इस बात का भरोसा हो गया है कि रेल विभाग में कोई नया परिर्वतन होगा और उसकी व्यवस्था में कुछ सुधार आएगा।

स्वाधीनता के बाद से कोई वर्ष ऐसा नहीं गया है जब रेलवे की व्यवस्था में खर्च की कमी आई हो और उसको केवल यात्री भाड़ा और माल भाड़ा बढ़ाकर पूरा न किया गया हो। कोई वर्ष ऐसा नहीं गया है जिसमें माल भाड़े या यात्री भाड़े में वृद्धि न की गई हो। मैं मंत्री महोदया से निवेदन करना चाहता हूं कि वह किराया न बढ़ाने की अपनी बात पर कायम रहे और स्टेंडिंग कमेटी की सिफारिशों को अमल में लाने की हर संभव कोशिश करें। माननीया रेल मंत्री ने रेल मंत्रालय का चार्ज लेने के बाद यह घोषणा की कि उनकी पूरी कोशिश रहेगी कि रेल यात्री भाड़े में वृद्धि न हो।

उपसभाध्यक्ष महोदय, भारतीय रेल व्यवस्था में जब भी किसी चीज की आवश्यकता पड़ती है तो उसको केवल एक ही माध्यम से पूरा किया जाता है और वह है यात्री किराया या माल भाड़े में वृद्धि करके। मेरा अनुरोध है कि भारत देश में अगर यात्री किराये लगातार बढ़ाते जायेंगे तो उसको सहन करने की क्षमता भारत के लोगों में नहीं रहेगी। भारतीय रेल व्यवस्था

एशिया की सबसे बड़ी रेल व्यवस्था है और विश्व में अमेरिका के बाद यह दूसरे स्थान पर आती है। 70 हजार किलोमीटर से अधिक रेल लाइनें पूरे देश में बिछी हुई हैं। 10 अरब 4 करोड़ से अधिक यात्रियों को प्रति वर्ष यह अपने गंतव्य स्थान तक पहुंचाती है। फिर भी, इसके रख-रखाव के कार्य में कहीं न कहीं घाटा होता है। मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि इसके बजटरी सपोर्ट को बढ़ाया जाना चाहिए। बिना बजटरी सपोर्ट के रेल व्यवस्था बुरी स्थिति में पहुंच जाएगी और वह बिलकुल चरमरा जाएगी, यह इसको बर्दास्त नहीं कर पाएगी। मान्यवर, रेल दुर्घटनाओं पर भी ध्यान देना चाहिए। रेल दुर्घटनाएं रेल विभाग को बहुत क्षति पहुंचाती हैं। अगर रेल-दुर्घटनाएं कम की जाएं, कोशिश की जाए, इसके लिए ऐसी व्यवस्था बनाई जाए ताकि दुर्घटनाएं कम हों तो रेलवे की क्षति में कमी हो सकती है। मान्यवर, 24,544 मानव रहित रेलवे क्रॉसिंग हैं जिनसे सबसे अधिक ट्रेन दुर्घटनाएं होती हैं। इनको रोकने के लिए माननीय सांसदों की सांसद निधि से रुपए लेने का प्रावधान हुआ है और दिशा निर्देशित की गई है। लेकिन यह इसके लिए काफी नहीं है। इसके बाद भी कई हजार, 23,000 मानव रहित क्रोसिंग रहेंगे जिनको सुधारना या बनाना बहुत ही आवश्यक हो गया है।

मान्यवर, मैं एक और बात की ओर रेल मंत्रालय का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि आज देश में बिना टिकट यात्रियों के चलने का सर्वाधिक चलन हो गया है। मैं आपसे एक और निवेदन करूंगा कि जब चैकिंग होती है तो रेल विभाग के जो पास होल्डर अधिकारी होते हैं जिनको एक महीने के लिए साल में दो पास मिलते हैं, सबसे अधिक वे ही बिना टिकट यात्रा करते हैं। इसलिए बिना टिकट यात्रा करने वालों के खिलाफ धरपकड़ की जानी चाहिए। मैं यहां एक आंकड़ा देता हूं कि 1997 में बिना टिकट यात्रा करने वाले करीब 75 लाख लोगों की धरपकड़ की गई थी और उनसे करीब 84 करोड़ रुपया किराया वसूला गया था लेकिन, अभी हाल में केवल अप्रैल से लेकर नवम्बर माह के बीच 70 लाख से अधिक लोगों की बगैर टिकट यात्रा करते समय धरपकड़ की गई और उनसे 93 करोड़ रुपया वसूला गया है। रेल को क्षति पहुंचाने में यह भी एक बहुत बड़ा कारण बन रहा है जो कि बगैर टिकट यात्रा करने वालों के खिलाफ कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है। अगर इस ओर ध्यान दिया जाएगा तो जो नुकसान रेलवे का हो रहा है, वह कम होगा। इसी से संबंधित और समस्याएं है, यात्री सुविधाओं की ओर रेलवे प्रशासन तनिक भी ध्यान नहीं दे रहा है। आप यह देखें कि यात्रियों को टिकट लेने के बावजूद भी ट्रेन में अपनी सीट पर बैठने के लिए स्थान नहीं दिया जाता है और अनधिकृत लोग कब्जा कर लेते हैं। इसी तरह से स्टेशनों पर शुद्ध पेयजल नहीं मिलता है। माननीय मंत्री महोदया शुद्ध पेयजल स्टेंडिंग कमेटी की चेयरमैन थी। इनको खुद प्रमाण सहित अहसास है कि जो पानी मिनरल वाटर के नाम पर बेचा जाता है वह भी अशुद्ध होता

है। इसकी तरफ रेलवे प्रशासन को ध्यान देना है, दूसरे, ट्रेनों का परिचालन समय पर होना चाहिए। कोई न कोई बहाना लेकर ट्रेनें लेट हो जाती हैं। मैं कल यहां आया, इससे पहले मैं लखनऊ ट्रेन से दिल्ली आया तो वह साढ़े तीन घंटे लेट थी, लेकिन जब माननीय मंत्री जी लखनऊ से दिल्ली आई तो वही ट्रेन पांच मिनिट पहले पहुंच गई। मैंने पूछा कि उस दिन ट्रेन क्यों समय से नहीं आई, वे बोले कोहरा था। जिस दिन माननीया मंत्री जी आई उस दिन भी कोहरा था, ट्रेन पांच मिनिट पहले पहुंच गई तो इस तरह से रेल का समय से परिचालन कराया जाए। सबसे बड़ी बात यह है कि अराजक तत्वों द्वारा जो लूट और छीना झपटी ट्रेन में होती है इनको कैसे रोका जाए, इस ओर रेलवे प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है। मैं स्टेंडिंग कमेटी की सुरक्षा और संरक्षा सबकमेटी में था, जीआरपी, जो लूट और डकैती न होने देने के लिए जिम्मेदार है , तफतीश करने, सजा दिलाने,मुकदमे की पैरवी करने , चार्जशीट दाखिल करने की उसकी कोई लायबिलिटी रेलवे विभाग केकिसी अफसर के प्रति नहीं है। वह स्टेट की पुलिस है, स्टेट के प्रति उत्तरदायी है। मैं आपके द्वारा माननीय मंत्री जी से यह कहूंगा कि जो जीआरपी है उसको भी रेल मंत्रालय के प्रति जब तक वह उत्तरदायी नहीं होगी तब तक यह व्यवस्था ठीक नहीं होगी। मैं बहुत जल्द अपनी बात खत्म करते हुए आपसे अपने प्रदेश की बात कहना चाहूंगा। मुरादाबाद से दिल्ली तक जो ट्रेन आती है वह सिंगल लाइन की है उसे कहीं-कहीं डबल लाइन किया जा रहा है। डबल लाइन तो हो रही है लेकिन उस पर बहुत धीमी गति से काम हो रहा है। मैं चाहूंगा कि यदि वह डबल लाइन पूरे मुरादाबाद से दिल्ली के लिए हो जाए तो यह अच्छा रहेगा और फिर लेट आने का प्रश्न ही नहीं होगा। इलाहाबाद से लखनऊ वाया ऊंचाहार सिंगल लाइन है, अगर यह इलाहाबाद से लखनऊ वाया ऊंचाहार डबल लाइन हो जाए तो लखनऊ से सीधे होते हुए ट्रेन कलकत्ता और मुंबई पहुंचाई जा सकती है । अंत में अपनी बात समाप्त करते हुए एक नई बात कहना चाहता हूं ।

मैं अभी लखनऊ में था। 19.12.99 को नेशनल इंटर कॉलेज, महाराणा प्रताप मार्ग लखनऊ में रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड का परीक्षा केंद्र था और उसी केंद्र में बैंकिंग के रिक्रूटमेंट बोर्ड की भी परीक्षा थी । एक ही केंद्र में, एक ही कॉलेज में, दो-दो, बैंकिंग रिक्रूटमेंट बोर्ड और रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड की परीक्षाएं ली गईं। एक ही टेबल पर दो लड़कों की जगह पर चार लड़कों को बिठाया गया । आपस में बातें होती रही, नकल होती रही। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि यह लड़कों की जीविका से संबंधित प्रश्न है लेकिन वहां एग्जामिनेशन का मखौल उड़ाया गया है। रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड के द्वारा जो परीक्षाएं ली जाती हैं उसमें सर्वाधिक नकल होती है, पैसा चलता है, पेपर बाहर ले जाकर नकल कराई जाती है और जो मेरिटोरियस लड़के होते हैं, वे पीछे रह जाते हैं। वे ही क्वालीफाई करते हैं जो नकल करते हैं। इस संबंध

में मेरा माननीय मंत्री जी को एक सुझाव है कि एकेडमिक क्वलीफिकेशन के आधार पर ही प्रत्याशियों को कॉल किया जाए। एग्जामिनेशन सिस्टम खत्म कर दिया जाए। एग्जामिनेशन भ्रष्टाचार का बहुत बड़ा रास्ता बन गया है।

अंत में मैं कुछ बातें रेलवे बोर्ड के बारे में भी कहना चाहता हूं। उपसभाध्यक्ष महोदय, समय-समय पर रेलवे बोर्ड के सरकुलर जारी होते हैं। जैसा कि कहा गया है कि चार साल के बाद एक अधिकारी सेंसिटिव पोस्ट पर नहीं रहेगा आपके इस चार साल के सरकुलर की धज्जी उड़ती दिख रही है। चार साल ही नहीं, पांच, छः, सात साल हो गए हैं वे उसी पोस्ट पर काम कर रहे हैं। कहा गया है कि ये तो 1992 से दूसरी पोस्ट पर थे परंतु अब प्रमोट हो गए हैं इसलिए यहीं पर पोस्टेड हो गए हैं। इस प्रकार से रेलवे के सरकुलर की धज्जी उड़ाई जा रही है, इस पर ध्यान देना होगा।

एक बहुत ही महत्वपूर्ण बात कहना चाहता हूं कि रेलवे के एक अधिकारी ने अपने अधीनस्थ महिला कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहार किया। उस महिला ने तत्कालीन रेलवे मंत्री श्री रामविलास पासवान से शिकायत की। वह अधिकारी एक साल तक निलंबित रहा, उसके विरुद्ध जांच चलती रही। रेलवे बोर्ड में उसको डम्प कर दिया गया परंतु अब वह अधिकारी चीफ पर्सनल ऑफीसर, एन.सी.आर. हो गया है। जिसके खिलाफ शिकायत की गई, जो साल भर तक निलंबित रहा उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। मेरे पास ऐसे दसों मामले हैं परंतु मैं आपके माध्यम से माननीया रेलवे मंत्री से यह निवेदन करूंगा कि वे इस तरफ भी अवश्य ध्यान दें। रेलवे बोर्ड का जो प्रशासन है उसमें भी वे परिवर्तन लाएं, आमूलचूल परिवर्तन करके ही रेलवे मंत्रालय बहुत अच्छा चलेगा, इसका मुझे पूरा भरोसा है। इन बातों के साथ मैं इस बिल का समर्थन करता हूं, धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Once again, with utmost respect, I want to bring to your notice that we are discussing the Appropriation (Railways) Bill for Rs.30,000 only and not the Railway Budget. Please remember that. Yesterday, when Shri Md. Salim was speaking, he was referring to Rs.30,000 only. Then I thought he missed some zeroes. But I checked the figures. Shri Ram Gopal Yadav.

श्री रामगोपाल यादव (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं कुछ सुझाव और मांगें रख रहा हूं जिसमें एक पैसे की भी जरूरत नहीं है। मेरी मांग यह है कि एक तो बरेली और मुरादाबाद के बीच में एक स्टेशन है, आसफपुर। उस स्टेशन को समाप्त करने की योजना है। पैसेंजर्स की तो कोई परवाह नहीं होती अब इस स्टेशन को खत्म किया जा रहा है। मेरी रिक्वेस्ट है, मुलायम सिंह जी की पार्लियामेंटरी कांस्टीट्युंसी में यह आता है, बदाऊं जिले का

स्टेशन है, वह स्टेशन खत्म नहीं किया जाए। बदाऊं और बरेली के बीच में यह स्टेशन आता है । आज कल रिज़र्वेशन कम्प्यूटर से होता है। हमें ऐसा लगता है कि कुछ स्टेशनों पर खास तौर से आगरा में कम्प्यूटर में वह फ़ेक नम्बर फीड कर देते हैं। एक दिन मैंने शताब्दी एक्सप्रेस के लिए से आगरा से रिज़र्वेशन करवाया। मेरा वेटिंग लिस्ट में नम्बर 160 के आसपास था । मैंने कहा कि यह कैसे होता है। लोगों ने बताया कि आप तो एम0पी0 हैं आपकी कोई बात नहीं लेकिन और जिसका नम्बर आसपास होगा वह सोचेगा कि मिल ही नहीं सकता है इसलिए वह 20-25 रुपये देगा और उसको अलाटमेंट मिल जाएगा। जब मैं ट्रेन में बैठ गया, You will be surprised to know that half of the bogie was empty. हमारा नम्बर था 160 वेटिंग लिस्ट में। मैंने तत्कालीन रेल मंत्री को लिखा भी कि जांच कराएं कि यह रैकेट क्या है। इतना बड़ा रैकेट है। सारी टिकटें पहले से बेच दी जाती हैं और फिर दूसरे लोग टिकटें ब्लैक में खरीदते हैं। मैंने कई बार यह मामला उठाया था। जब जनेश्वर मिश्र जी रेल मंत्री थे तो इटावा में रेलवे अंडरब्रिज का शिलान्यास किया गया था । इसके बाद कई मंत्री बदल गये, कई बार यह मामला उठाना पड़ा, आश्वासन मिलता रहा। अभी तक वह रेलवे अंडरब्रिज पूरी तरह से नहीं बन पाया है। इटावा और मैनपुरी के बीच आने-जाने वाले लोगों को बहुत दिक्कत होती है। जो मैनपुरी की तरफ से आते हैं उनको आने के लिए हमें अपने एम.पी. लोकल एरिया डवलपमेंट फंड में से 15 लाख रुपये दे कर दो किलोमीटर एक्स्ट्रा सड़क बनानी पड़ी ताकि दूसरी सड़क से मिल जाए और किसी तरह से व्हीकल चलते रहें। यह रिकार्ड पर है। कई पत्र हमारे पास है शरीफ साहब के जमाने के कि यह इतने दिनों में कंपलीट हो जाएगा। अभी तो नहीं लेकिन बजट आने वाला है इसलिए मैं आपसे रिक्वेस्ट करना चाहूंगा कि माननीय देवगौड़ा जी जब प्रधानमंत्री थे तो मैनपुरी में उन्होंने एक जनसभा में इसकी घोषणा की थी। आम तौर पर प्रधानमंत्री की घोषणाओं पर अमल होता है। यह बात दूसरी है कि राम विलास पासवान जी ने इतनी घोषणाएं कर दी कि अगले 10-20 साल तक पूरी नहीं हो सकती। वह घोषणा यह थी गुना-इटावा जो रेल मार्ग बन रहा है, उसको मैनपुरी तक एक्सटेंड कर दिया जाएगा। हालांकि जब माधवराव सिंधिया जी रेल मंत्री थे तब यह योजना स्वीकृत हुई थी लेकिन अभी तक कंपलीट नहीं हो पाई है। लेकिन प्रधानमंत्री का आश्वासन था और दूसरे सदन में तत्कालीन रेल मंत्री ने इसको अपने बजट भाषण के दौरान भी कहा था, सर्वे वगैरह भी हुआ था। मैं चाहूंगा माननीय मंत्री जी से जब वह आइंदा बजट लाएं तो कुछ ऐसी व्यवस्था करें कि गुना-इटावा रेल मार्ग को मैनपुरी तक जोड़ने के लिए कोई विधिवत व्यवस्था कर दें। माननीया मंत्री जी जो पैसा इस बिल के माध्यम से मांग रही हैं, उसके लिए बिना शर्त मेरा समर्थन है। श्रीमन्, सम्भल एक ऐतिहासिक स्थल है। कभी वह पृथ्वी राज चौहान की राजधानी भी रहा था। आज हिन्दुस्तान की सब से बड़ी मैंथा की मंडी भी

है। वहां कोई रेलवे स्टेशन नहीं है। मुरादाबाद से वहां तक जाते हैं । मैंने पिछली बार भी इसका जिक्र किया था। एक पेसेंजर गाड़ी जाती है। एक फाटक पड़ता है दूसरे कस्बे में जाने वाली सड़क पर। वहां गाड़ी रुकती है फाटक से पहले। तब एक आदमी उतरता है और फिर वह फाटक बंद करता है । तब जा कर वह गाड़ी स्टार्ट करता है। फिर आगे चल कर के गाड़ी रुकती है। फिर फाटक खोलता है। उसके बाद गाड़ी चलती है। इस लाइन को गजरौला से मेन लाइन से जोड़ दिया जाए तो पूरे इलाके का कल्याण होगा। जो किसान बड़े पैमाने पर मैंथा की खेती करते हैं, उनको इसका लाभ भी मिल सकेगा। टाइम के बारे में अभी चौधरी चुन्नी लाल जी कह रहे थे। अभी कल ही हम लोग लखनऊ मेल से आए। हमारे दो तीन लोकसभा के मित्र भी थे, उन्होंने कहा कि हम तो फरक्का से जाएंगे, यह पहले पहुंच जाती है। डेढ़ बजे वे आए, 6 बजे वह गाड़ी अलीगढ़ आ गई थी। लेकिन अलीगढ़ से दिल्ली तक आने में उसे साढ़े सात घंटे लग गए। न कोई दुर्घटना, न कोई कोहरा, न कोई बात, आखिर क्या बात है ? हम लोग इमरजेंसी के खिलाफ थे लेकिन कुछ लोग कहते थे कि कम से कम रेलें तो टाइम से चलती हैं। Who is responsible for this? इतनी केयरलेसनेस स्टाफ की तरफ से हुई, इसमें जनता की तरफ से कोई भी चीज़ कहीं कोई गड़बड़ नहीं लेकिन अलीगढ़ से दो घंटे का रास्ता दिल्ली का है, उसमें कोई एक्सप्रेस ट्रेन सात-सात-, आठ-आठ घंटे लेट हो जाती है। अगर किसी माननीय सदस्य का सदन में क्वेश्चन हो, वह यह सोचता है कि मैं 6 बजे दिल्ली पहुंच जाऊंगा। लेकिन 11 बजे का क्वेश्चन हो तो वह यहां क्वेश्चन पूछने के लिए नहीं पहुंच सकता है। यह स्थिति है। रेल टाइम से चले तो सब से बड़ा काम होगा, इससे जनता को सब से ज्यादा संतोष होगा। सब से ज्यादा नुक्सान होता है मैनआवर्स लॉस का। उसको कभी जोड़ा नहीं गया है और न कभी केयर की गई है। मैंने जो कुछ बातें यहां पर रखी हैं। और जो बजट के संबंध में मैने रिक्वेस्ट की है उस पर सहानुभूतिपूर्वक माननीय मंत्री जी विचार करेंगी, इसके साथ मैं इसका समर्थन करता हूं।

श्री नागेन्द्र नाथ ओझा (बिहार): उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस एप्रोप्रिएशन रेलवेज पर आए बिल का समर्थन करता हूं। पहली बात तो यह है कि 30 हजार रुपए के लिए 3 घंटे का समय हम लोग इस पर व्यतीत कर रहे हैं और सी.ए.जी. के एक फारमर मेम्बर का कहना था कि पर मिनट हम 40 हजार रुपए खर्च करते हैं। इस तरह से 72 लाख रुपए का खर्च कर हम 30 हजार रुपए के इस एप्रोप्रिएशन बिल का समर्थन कर रहे हैं। खैर, जनतंत्र बहुत खर्चीला हो गया है और मैं भी चाहूंगा कि मुझे भी 3-4 या 5 मिनट का समय दे दिया जाए। 1 लाख 20 हजार रुपए का खर्च मेरा भी उसमें जुड़ जाएगा।

पहली बात यह है कि मेरा अनुरोध है रेल मंत्री सुश्री ममता जी से कि रेलवे के जो बड़े अधिकारी हैं उनके ठाट-बाट पर जो खर्च हो रहा है उसमें कमी लाएं। हालत यह है कि अभी कपूरथला में 49 सैलूनों का निर्माण हो रहा है या हो गया है और उस पर 51 करोड़ खर्च हो गए हैं या हो रहे हैं। इसमें एक सैलून के बाथरूम के अंदर 52 हजार रुपए का खर्च है। इस तरह से ये बातें हो रही हैं। लोग कह रहे हैं कि हमारे रेल के बड़े अधिकारी राजाओं की तरह ठाट-बाट से रह रहे हैं। एक तरफ इतना ठाट-बाट और दूसरी तरफ हम घाटे की बात कर रहे हैं, फाइनेंशियल कंस्ट्रेंट्स की बात कह रहे हैं। पहली बात तो यह है।

दूसरी बात यह है कि जो आम लोग हैं - मेरे पास ज्यादा समय नहीं है कि मैं विस्तार से जाऊं लेकिन ममता जी के ध्यान में लाना मैं बहुत जरूरी समझता हूं - जो बिहार से पैसेंजर्स आ रहे हैं, स्थिति यह है कि शौचालय में औरतें अपने गठ्ठर लेकर बैठती हैं और शौचालय में कोई जाता है तो कहती हैं कि मैं पर्दा दे देती हूं आप उधर अपना काम कर लीजिए। यह स्थिति है। इतना धक्कम-मुक्का है। इतनी भीड़ है। हमारी जो एक्सप्रेस ट्रेनें हैं - एक इंजन 20 डिब्बे खींच सकता है लेकिन कई ऐसी ट्रेन्स हैं जो 20 की बजाए 9 डिब्बों से चल रही हैं, 10 डिब्बों से चल रही हैं या 12 डिब्बों से चल रही हैं। मेरा अनुरोध है कि ऐसी गाड़ियों में जो 20 से कम डिब्बों वाली हैं, पटना से दिल्ली या हावड़ा से दिल्ली आती हैं उनमें डिब्बों की संख्या बढ़ायी जाए ताकि आम यात्रियों को सुविधा मिल जाए। वे आराम से आएं। वे टिकटधारी होते हैं। बेटिकट वाले तो फर्स्ट क्लास में भी, ए0सी0 में भी और राजधानी के फर्स्ट क्लास में भी चलते हैं। तो इस तरफ ध्यान दिया जाए।

तीसरी बात कार्यदक्षता के बारे में है। एक साथी ने रिक्रूटमेंट के बारे में भी कहा। जो केंद्रीय सरकार के कर्मचारी हैं उनकी बहाली यू0पी0एस0सी0 के जरिए क्लर्क के रूप में होती है। रेलवे के कर्मचारी भी सेंट्रल गवर्नमेंट के कर्मचारी हैं तो इनकी बहालियां भी यू0पी0एस0सी0 के जरिए क्यों न हों ?...**(समय की घंटी)** हम समझते हैं कि यू0पी0एस0सी0 के जरिए उनकी बहालियां की जानी चाहिए।

दुर्घटनाओं के बारे में उपसभाध्यक्ष महोदय, यह देखा गया है कि अधिकतर मामलों में 1 बजे रात्रि से लेकर 5 बजे सुबह - यानी रात्रि ही कहिए - में दुर्घटनाएं होती हैं। यही वक्त होता है जिसमें कि अधिकतर दुर्घटनाएं हुई हैं। तो 1 बजे से लेकर 5 बजे सुबह के समय में जहां केबिन मैन हो, ड्राइवर हों या दूसरे जो इसके लिए जवाबदेह होते हैं - इनमें से 2 लोगों की ड्यूटी क्यों न लगायी जाए ...। इस तरफ भी ध्यान दिया जाए। महोदय, मैं समझता हूं कि अगर ये उपाय किए जाएं तो कुछ दुर्घटनाओं को टाला जा सकता है।

महोदय जहां तक गाड़ियों में चोरी-डकैती का सवाल है, यह मामला भी काफी गंभीर है। मैं समझता हूं कि बहुत से मामलों में जी.आर.पी.एफ. का रोल अच्छा नहीं है, इसलिए उस की पावर्स आर.पी.एस.एफ. को दी जाएं तो अपेक्षित सुधार हो सकता है। महोदय, मैं रेलवे में चोरी-डकैती के संबंध में एक मामला यहां बयान करना चाहता हूं। वर्ष 1962-63 में बिहार के कटिहार रेलवे स्टेशन पर पॉकिटमारों ने हड़ताल की थी और वह एक पॉकिटमार की पिटाई के विरोध में हुई थी। वे लोग एक ट्रेड यूनियनिस्ट के पास गए और उन्होंने सलाह दे दी कि तुम सभी हड़ताल पर चले जाओ। उन्होंने यह भी कहा कि हम इस दरमियान हफ्ता भी नहीं देंगे। इस तरह वह हड़ताल पर चले गए। 15 दिन उन की हड़ताल रही और उन्होंने पॉकिट भी नहीं मारी, तब डी.एस.पी. और दारोगा जी ने उन की हड़ताल समाप्त करवाई। यहां मैं उस ट्रेड यूनियनिस्ट का नाम भी बता सकता हूं। वह एक जूट मिल के ट्रेड यूनियनिस्ट थे जिन्होंने यह सलाह दी थी। इस तरह रेलवे में जो चोरी-डकैती हो रही हैं, उस के लिए पुलिस, पॉकिटमार और चोर-डकैत जिम्मेदार हैं। महोदय, मेरी जानकारी में एक रिटायर्ड कर्मचारी का मामला भी लाया गया। रेलवे के ही एक ऑफिसर बता रहे थे कि उस कर्मचारी ने रेलवे लाइन से आते-जाते मकान के लिए कंकरीट में लगने वाली सारी गिट्टी जमा कर ली। यह सब उन्होंने 20 साल में किया। महोदय, यह काफी चर्चित मामला है। इस तरह से रेलवे में भ्रष्टाचार चल रहा है जिस पर रोक लगाई जाए।

उपसभाध्यक्ष (श्री अधिक शिरोडकर) : ओझा जी, आप का टाइम खत्म हो गया। आप का किस्सा बहुत दिलचस्प है।

श्री नगेन्द्र नाथ ओझा : महोदय, मैं दो बातें और कहना चाहूंगा। एक तो गाड़ियों की रफ्तार के बारे में मंत्री जी ध्यान दें। महोदय, पटना से सीधे जो ट्रेन मुगलसराय रूकती है और जिस का बीच में कोई स्टॉपेज नहीं है, उस को वहां पहुंचने में 3 घंटा 40 मिनिट लगता है, लेकिन जिस ट्रेन का पटना से दानापुर, आरा और बक्सर में स्टॉपेज है। उस को 3 घंटा 5 मिनिट लगता है। यह टाइम-टेबिल के अनुसार है। मैं चाहूंगा कि टाइम-टेबिल बनाने वाले इंजीनियर्स इस तरफ ध्यान दें और इस में सुधार लाएं। इसी तरह हिमगिरि एक्सप्रेस जो 10 साल पहले 6 घंटा 40 मिनिट में हावड़ा से पटना आती थी, वह अभी 11 घंटे में आ रही है। तो यह स्थिति है ट्रेनों के चलने की, जिस कारण उन में सुधार की आवश्यकता है।

अंत में मैं अपने क्षेत्र की भी मांग कर लूं। महोदय, मैं बक्सर इलाके से आता हूं और बक्सर में गंगा मे उस पार बलिया पड़ता है। मैं कहना चाहता हूं कि बलिया में गंगा पर जो ब्रिज है, उस से रेलवे लाइन को ले जाएं और बक्सर होते हुए बीच से टिहरी से ले जाकर रेलवे लाइन से जोड़ दिया जाए तो कृषि की दृष्टि से उन्नत उत्तर प्रदेश के इलाके से दक्षिणी

बिहार के इंडस्ट्रियल इलाके से इसे जोड़ा जा सकता है। इसी तरह से बिहटा से लेकर औरंगाबाद तक को भी रेलवे लाइन से जोड़ा जाए ताकि यह एरिया भी इंडस्ट्रियल एरिया से जुड़ जाए।

उपसभाध्यक्ष (श्री अधिक शिरोडकर) : आप के 6 मिनिट थे, आप ने 8 मिनिट ले लिए।

श्री नागेन्द्र नाथ ओझा : महोदय, मैं एक बात यहां रेल यात्रा के संबंध में कहूंगा। एक दिन मैं राजधानी के एच-। कैबिन में यात्रा कर रहा था, उस में एक पैसेंजर आया जोकि पिए हुए था। मैं ने पूछा कि आप कौन हैं। वह बोला कि मैं पॉकिटमार हूं। अंत में मैं जिस स्टेशन पर उतरा, वह भी वहीं उतरा तो मैं ने पूछा कि कहां गए थे, तो वह बोला कि मंत्री जी के पास गया था। वह भी हमारे इलाके के हैं। मंत्री महोदया, आप खास तौर पर राजधानी में तीन दिन चैक कराइए तो आपको पता चलेगा। हम लोगों ने एथिक्स कमेटी बनाई और उस दिन एथिक्स की बात कर रहे थे । मैं आपको बताना चाहूंगा कि जो मिनिस्टर या एम.पी. ज़ी. यात्रा नहीं कर रहे हैं, उनके नाम पर हर रोज वहां रिजर्वेशन हो रहे हैं और कोई न कोई उनके नाम पर रेलवे में यात्रा कर रहा है । उन्हीं में से एक यह थे, जो कह रहे थे कि मैं पाकेटमार हूँ तो मंत्री महोदया इस तरफ भी आप ध्यान दें और इसमें सुधार लाएं ताकि कोई पाकेटमार इस तरह उसमें यात्रा न कर सके । धन्यवाद ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Shri M. A. Kadar. Mr. Kadar, between Mr. Thirunavukkarasu and yourself, you have six minutes.

SHRI C. P. THIRUNAVUKKARASU (Pondicherry) : Sir, I do not want to speak. Mr. Kadar from Tamil Nadu will speak. *(Interruptions)*

SHRI M. A. KADAR (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, Rameswaram in Tamil Nadu is one of the most important pilgrimage centres on the east coast in Ramnad district. It is worth mentioning that throughout the year, millions of pilgrims from all over India visit this pilgrim centre continuously. The previous Government, under the able Prime Ministership of Vajpayeeji, took the following measures to develop this pilgrim centre.

Steps were taken to develop Rameswaram as one of the tourist centres in India. I request you to speed up the implementation of steps for making Rameswaram a place of tourist attraction.

The previous Government also initiated the broad gauge conversion work between Madurai and Rameswaram and an amount of ten crores of rupees was sanctioned for that project.

At this juncture, as a Member of Parliament, hailing from the State of Tamil Nadu, on behalf the hon. Chief Minister of Tamil Nadu, as also the people of Tamil Nadu, I request you to kindly see to it that this project is speeded up and completed at the earliest for the benefit of the pilgrims.

Apart from this project which has already been launched, I also want to point out another project which needs immediate attention. At present, people go to Rameswaram from Chennai, *via* Trichirapalli, Pudukottai, Karaikudi, Manamadurai, Ramanathapuram, which happens to be a shorter route to Rameswaram from Chennai.

There is a broad gauge railway line up to Trichirapalli from Chennai. There is only a meter gauge line between Trichirapalli and Rameswaram. Hence, the pilgrims who go from Chennai to Rameswaram have to undergo the cumbersome process of taking the journey by metre gauge from Trichirapalli to Rameswaram. They have to change the train also from Trichirapalli with heavy luggage. Hence, the need for broad gauge conversion of the above route between Trichirapalli and Manamadurai is very much felt at present, and urgently, so that the journey can be shortened and, thereby, saving time. This conversion can link the broad gauge conversion project between Madurai and Rameswaram.

Since I feel that this conversion project would be of much use, I request the hon. Prime Minister and the hon. Railway Minister to take immediate steps for sanctioning this project in this year's Budget.

I immensely thank the hon. Prime Minister, Shri Vajpayee who has already accorded sanction and set in motion the Madurai-Rameswaram gauge conversion project.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR):Shri P. Soundararajan. You have three minutes, please.

SHRI P. SOUNDARARAJAN (Tamil Nadu) : Mr. Vice-Chairman, Sir, I rise to speak on the Supplementary Demands for Grants of the Railways. I have a few observations to make. It is said in Annexure 'A' that 48 railway stations have been proposed to be upgraded to model stations. Out of this list, Tamil Nadu has only one station, i.e., Coimbatore. Tirunnelveli is one of

the most important railway stations in Tamil Nadu. In addition to Coimbatore, I request the hon. Minister to consider Tirunnelveli station also for being upgraded to a model station.

It is stated that there are, at present, 24,313 unmanned level-crossings in the country. It has been decided to convert 469 unmanned crossings into manned crossings. It is a welcome step. Out of these 469 crossings, 50 corssings are allotted to the Southern Railway. I request the hon. Minister, through you, Sir, to direct the authorities to include the unmanned corssings like Talabadisamudram, Perumalangi, Valliyur Koteadi and Lapaikudiyiruppu of Tirunnelveli district and South Tamaraikulam and Theroor of Kanyakumari district, for being converted into manned crossings.

Sir, accidents in the railways, whether due to human error or technical fault or sabotage, keep occurring, in spite of safety measures said to be taken by the railways. As a result, human lives are lost, passengers are severely injured leading to their physical disability, but they get very little compensation and that too after a long time. In order to avoid this, an insurance cover should be given to the passengers on purchase of every ticket. At least, the second-class passengers should be given an insurance cover without any additional cost. Such a step would help the common man who travels by trains.

The gauge conversion work in Tamil Nadu is very slow. Tamil Nadu has 2,200 kilometres of metre gauge which is more than the existing broad gauge length of 1,980 kilometres. For the last 17 years, there has been no addition to the metre gauge length due to which a substantial part of the fleet is overaged. There is severe corrosion in the under-frame of coaches which leads to occasional cancellation of trains, loss of punctuality and passenger dissatisfaction. So, I request the hon. Minister to allocate more funds to Tamil Nadu for gauge conversion projects so that these projects are completed early. Sir, the important pending projects and requirement of funds in the Budget of 2000-2001 for Tamil Nadu are: (1) Thirty crores of rupees for 85 kilometres of Karur-Salem new broad gauge line. (2) Fifty crores of rupees for 162 kilometres of Rameswaram-Madurai gauge conversion. (3) Seventy-five crores of rupees for 60 kilometres of Chennai Beach - Chengalpattu suburban gauge conversion. (4) Thirty crores of rupees for 130 kilometres of Trichirapalli-Nagore-Karaikal project. (5) Fifty crores of rupees for Quilon-Tirunnelveli-Tiruchendur and

Tenkasi-Virudunagar gauge conversion. (6) Twenty-five crores of rupees for provision of a third line between Chennai Beach and Attipattu. (7) Fifteen crores of rupees for doubling of Irugur-Coimbatore section. (8) Fifty crores of rupees for Cuddalore-Salem *via* Vriddachalam. (9) Fifty crores of rupees for Thanjavur-Villupuram gauge conversion.

Sir, the former Railway Minister in his Budget speech of 1999-2000 had announced introduction of new trains for Tamil Nadu. However, none of the trains has been introduced so far. I would like to point out that Tamil Nadu is one of the States where ticketless travel is limited. In spite of Southern Railway being one of the passenger-oriented railways and its contribution to passenger earnings of the Railways, the number of new coaches allotted to the Southern Railway remains very less. It is requested that in the next year, maximum number of new coaches may kindly be allotted to the Southern Railway. At present, there is a train between Nagarcoil and Mumbai which runs four days a week. This should be made a daily train, as a number of people from the southern parts of Tamil Nadu are living in Mumbai. Sir, Pongal is one of the most important festivals of Tamil people. This Nagarcoil-Mumbai train may kindly be introduced as a Pongal gift to the people of Tamil Nadu.

Sir, Valliyur railway station is an important station on the Tirunnelveli - Kanyakumari route. This is my native place, and I board and alight at Valliyur station. There I find, the platform is very small and many coaches of trains are away from the platform. The passengers, particularly women and children, find it difficult to board and alight. I, therefore, request the hon. Minister to direct the authorities to extend the platform to avoid inconvenience to passengers.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Please conclude. You have taken six minutes out of the three minutes that you were allotted.

SHRI P. SOUNDARARAJAN: Kindly permit me for another minute, Sir. Within a minute, I will conclude.

The entire Kanyakumari district and a part of Tirunelveli district are under the administrative jurisdiction of the Thiruvanantapuram Division. It will be more appropriate and convenient to the people if it is brought under the jurisdiction of the Madurai Division. This is a long-standing demand of the people of this area.

SHRI VAYALAR RAVI: It is only ten kilometres from Kanyakumari. Sir, it is a wrong proposal and we do not agree. (Interruptions)

SHRI P. SOUNDARARAJAN: No, No. It is more than hundred kms. Sir, Tamil Nadu has remained a neglected State so far; maybe because none from Tamil Nadu has become a Railway Minister for the last few decades. I hope, under your dynamic leadership, the Southern Railway, especially Tamil Nadu, will get its rightful place for development, in the Budget for the year 2000-01.

With these words, on behalf of the AIADMK, I support this Bill. Thank you.

SHRI R. MARGABANDU (Tamil Nadu) : I would like the Railway Minister to consider one thing. There is a long-standing demand from the people travelling between Tirunnelveli and Nagarcoil. A train was running from Madras *via* Katpadi, Jolarpet, Erode and Madurai. Now, that Kanyakumari train has been stopped. Even if it is not to be restored, I would request the hon. Minister to add 3-4 bogies to the trains running along this route. They can be disconnected at Erode and can be connected to the Madurai train.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI ADHIK SHIRODKAR): Thank you, Mr. Margabandu. Mr. Ranganath Misra, he is not here. Shri Gandhi Azad.

SHRI R. MARGABANDU: There is no quarrel between the AIADMK and the DMK on this issue. *(Interruptions)*

SHRI V.P. DURAISAMY (Tamil Nadu) : For this, she may be allotted more money.

SHRI R. MARGABANDU: I think, Mamataji will note this fact. I request the Railway Minister to accept our request.

श्री गांधी आज़ाद (उत्तर प्रदेश) : धन्यवाद महोदय। मैं इस विनियोग रेल विधेयक का समर्थन करता हूं जो रेल की सेवा एवं प्रयोजन के लिए लाया गया है। भारतीय रेल विभाग यातायात और माल वाहन का सबसे बड़ा साधन है। इसके द्वारा देश के अधिकतर लोग लाभान्वित होते हैं। किन्तु अगर थोड़ी सी दूरदर्शिता से और काम लिया जाता तो और अधिक लोगों को लाभ पहुंचाया जा सकता है। इस संबंध में मैं अपने जनपद आजमगढ़ की व्यथा-कथा से मंत्री महोदया को अवगत कराना चाहता हूं। मैं जिस जनपद -आजमगढ़ से

आता हूं वहां इससे पूर्व इसी सदन में 7 संसद सदस्य थे। वर्तमान समय में आजमगढ़ से 5 सांसद हैं। मैं समझता हूं जहां तक मेरी जानकारी है देश के किसी एक जनपद से इतने सांसद नहीं होंगे। लेकिन खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि आजमगढ़ से नई दिल्ली पहुंचने के लिए एक भी ट्रेन उपलब्ध नहीं है और जब से मैं इस संसद में आया हूं, लगातार आजमगढ़ की व्यथा-कथा को सुनाता रहा हूं। लेकिन इस कथा की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। लेकिन मुझे मंत्री महोदया से पूर्ण आशा ही नहीं उनसे भरोसा भी करता हूं कि वह जरूर इस पर कठोर कदम उठाएंगी। महोदय, इस समय केवल अधिकारियों की अदूरदर्शिता के कारण यह क्षेत्र अछूता रह गया है। बनारस से नई दिल्ली कई ट्रेन आती हैं। इसी तरह मुगलसराय से दिल्ली कई ट्रेन आती हैं। परन्तु थोड़ी सी दूरदर्शिता से काम लिया जाए, बिना कोई बजट लगाए हुए, केवल रास्ता परिवर्तत कर दिया जाए तो यहां के क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा मुहैया कराई जा सकती है। मैं इस संबंध में सुझाव रखना चाहता हूं। जो लिच्छवी एक्सप्रेस मऊ से वाराणसी और वाराणसी से इलाहाबाद चलते हुए दिल्ली आती है, अगर उसी ट्रेन का केवल रास्ता बदल कर मऊ से आजमगढ़, शाहगंज और फिर जौनपुर होते हुए इलाहाबाद कर दिया जाए, तो मैं समझता हूं कि उधर से आने वाले लाखों लोगों की समस्या का समाधान हो जाएगा और हम सांसद लोगों को भी जिन्हें 100 किलोमीटर बनारस या 100 किलोमीटर गोरखपुर बाई रोड जाकर के ट्रेन पकड़नी पड़ती हैं, तो हमारी भी समस्या का निदान हो जाएगा।

आजमगढ़ से मुम्बई जाने के लिए कोई ट्रेन नहीं है। गोरखपुर से जो दादर एक्सप्रेस आती है वह वाराणसी होती हुई जाती है। अगर उसका रूट चेंज कर के मऊ से आजमगढ़ और आजमगढ़ से शाहगंज होते हुए फिर जौनपुर से इलाहाबाद कर दिया जाए तो मैं समझता हूं कि इसमें कोई खर्चा भी नहीं आएगा, कोई दूरी नहीं बढ़ेगी और समस्या का समाधान हो जाएगा। केवल दूरदर्शिता से निर्णय लेने का काम है और इससे उधर के लाखों लोग लाभान्वित होंगे।

इसके साथ ही मैं मंत्री महोदया से मांग करना चाहता हूं कि मऊ एक औद्योगिक क्षेत्र है। वहां से लखनऊ लोग हजारों की संख्या में रोजाना आते-जाते हैं। इसलिए मऊ से लखनऊ के बीच एक दैनिक ट्रेन चलाई जाए। रेलवे देश का सबसे बड़ा विभाग है और सबसे ज्यादा कर्मचारी और अधिकारी इसमें तैनात है। जहां तक मेरी जानकारी है अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति का किसी भी स्तर पर कोटा पूरा नहीं है। मेरा अनुरोध है कि उसको पूरा किया जाए।

विभाग में प्रथम और द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों की हालत बहुत ही अफसोसनाक है। मैं मंत्री महोदय से आशा ही नहीं पूरा विश्वास करता हूं कि वे इस तरफ अवश्य ध्यान देंगी और आरक्षण पूरा करने के लिए अविलम्ब कदम उठायेंगी।

